भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 119

बुधवार, 2 फरवरी, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

घरेलू ऑटोमोटिव उद्योग

119. श्री ए. गणेशमूर्ति:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोविड महामारी, लॉकडाउन, विभिन्न प्रतिबंधों और अनेक विपरीत परिस्थितियों से घरेलू ऑटोमोटिव उद्योग की स्थिति खराब हो गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या ऑटोमोटिव उद्योग को खराब स्थिति **से** उबारने और सामान्य स्थिति में वापस लाने के लिए किसी प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गई है;
(घ) क्या दुपहिया वाहनों की श्रेणी की मांग में कमी को देखते हुए इस उद्योग को कोई रियायत और प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) और (ख): ऑटोमोबाइल उद्योग विगत दो वर्षों में कोविड-19 महामारी के कारण प्रभावित हुआ है। कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉक-डाउन और अन्य प्रतिबंधों के कारण ऑटोमोबाइल का उत्पादन और बिक्री भी प्रभावित हुई है।

महामारी की दूसरी लहर के पश्चात ऑटोमोबाइल की बिक्री में तेजी से सुधार हुआ है और एसआईएएम के अनुसार, अप्रैल, 2021 से नवंबर, 2021 तक की बिक्री के आंकड़ों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों और तिपहिया वाहनों के संबंध में क्रमशः 26%, 65% और 36% की बढ़ोत्तरी देखी गई है।

(ग) से (ङ): भारत सरकार ने ऑटोमोबाइल और ऑटो घटक क्षेत्र के लिए उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना को अधिसूचित किया है। फेम-II योजना (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना और विनिर्माण करना चरण-II) जो 1 अप्रैल, 2019 को तीन वर्षों के लिए शुरु की गई थी, को भी इलेक्ट्रिक बसों, इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड चौपहिया वाहन, इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन और इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन को शामिल करते हुए दो वर्षों के लिए 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया है।

*****